March 2014

No. of Printed Pages : 3

4055

Register Number

www.tnschools.co.in

Language – Part A – HINDI – Paper I

(Poetry and Prose)

Time Allowed : 2½ Hours] [Maximum Marks : 100

सूचना : (1) छपाई की स्वच्छता के लिए प्रश्न पत्र की जाँच करें, यदि स्वच्छता में कोई कमी नजर आए, तो तुरंत कक्षा पर्यवेक्षक को सूचित करें।

(2) उत्तर लिखने के लिए काले या नीले स्याही का उपयोग करें।

Instructions : (1) Check the question paper for fairness of printing. If there is any lack of fairness, inform the Hall Supervisor immediately.

(2) Use Black or Blue ink to write.

भाग - अ (पद्य भाग)

Part - A (Poetry)

I. निम्न में से **किसी एक** दोहे की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। **1x10=10**

(1) पाहन पूजे हरि मिले, तो मैं पूजूँ पहार।
ताते या चक्की भली, पीस खाय संसार।।

(2) धनि रहीम जल पंक को, लघु जिय पियत।
उदधि बडाई को कहै, जगत पियासो जाय।।

II. निम्न में से **किसी एक** दोहे की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। **1x10=10**

(3) तू जननी मन की अति भोरी, इनके कहे पतियायो।
जिय तेरे कछु भेद उपजि है। जानि परायो जायो।
ये ले अपनी लकुटि कमरिया, बहुतहि नाच नचायो।
सूरदास तब तिहँसि जसोदा लै उर कंठ लगायो।

(4) भारत माता के चरणों की कौन कर रहा पूजा है?
भक्ति ज्ञान में उसके जैसा और न कोई दूजा है।
संगीत-नृत्य की फली साधना, ऐसा मुखरित तीर कहाँ ?
गंगा के अमरित-सा पावन कावेरी का नीर जहाँ।

[Turn over

www.tnschools.co.in

III. निम्न में से **किसी एक** कवि का परिचय दीजिए। **1x10=10**

(5) (अ) महादेवी वर्मा

(आ) सुमित्रानंदन पंत

(इ) वीरेन डंगवाल

IV. (6) निम्न में से **किसी एक** पद्य का सारांश लिखिए। **1x15=15**

(अ) पुष्प की अभिलाषा

(आ) फसल

(इ) पर्वत प्रदेश में पावस

V. (7) कण्ठस्थ पद्य ज्यों का त्यों लिखिए। **1x5=5**

माला फेरत __________मन का फेर।।

(या)

रहिमन निज __________ सकै बचाय।।

भाग - ब (गद्य भाग)

Part - B (Prose)

VI. (8) हिन्दी में अर्थ लिखकर अलग-अलग वाक्यों में प्रयोग कीजिए। **5x1=5**

(अ) अनंत

(आ) मस्तक

(इ) तकाजा

(ई) परित्याग

(उ) परमधाम

5x1=5

VII. (9) **सही** या **गलत** लिखिए।

(अ) अज्ञेय जी गणित के विद्यार्थी रहे।

(आ) राजा अश्व पर सवार होकर आखेट के लिए निकला।

(इ) खुली हवा में साँस लेने से कार्बन-डाई-ऑक्साइड मिलती है।

(ई) लेखक की पत्नी लेखक को डाक्टर के पास ले गयी।

(उ) चारुदत्त वसंतसेना के आभूषणों को अपना समझकर जुए में हार गया।

www.tnschools.co.in

VIII. (10) खाली जगह भरिए। **5x1=5**

(अ) तुम्हारे भविष्य को__________करने का यही समय है।

(आ) सियार ने कहा, मालिक,__________में भरती हो जाइए।

(इ) एक अर्थ में मैं स्वयं हिरोशिमा के__________का भोक्ता बन गया।

(ई) हमें खुली __________में साँस लेनी चाहिए।

(उ) दोस्तों ने __________ ली और मुझसे भी लेने के लिए कहा।

IX. (11) कोष्ठक से सही शब्द चुनकर खाली जगह भरिए। **5x1=5**

(अ) हम अपने आगे एक महान__________खड़ा करें।
(उदाहरण, प्रतिष्ठा, आदर्श)

(आ) भीतर की आकुलता बुद्धि के क्षेत्र से बढ़कर __________के क्षेत्र में आ गयी।
(भावना, बुद्धि, पीड़ा)

(इ) शरीर की तरह हमें अपने मन को भी __________रखना चाहिए।
(नीरोग, शुद्ध, स्वच्छ)

(ई) राजा ने __________होकर सामने की ओर देखा
(आश्चर्य, दुखी, चकित)

(उ) मेरे बहुमूल्य __________छीन लेना चाहते थे।
(धन, आभूषण, संपत्ति)

X. (12) निम्न में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए। **2x5=10**

(अ) वेदों के अनुसार कौन ईश्वर के पास पहुँच सकते हैं?

(आ) बूढ़े सियार ने भेड़िये से गंभीरता से क्या कहा?

(इ) दोनों शुक शावक क्यों अलग हुए?

(ई) संतुलित भोजन की क्या जरूरत है?

XI. (13) निम्न में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के विस्तृत उत्तर दीजिए : **2x10=20**

(अ) स्वामी विवेकानंद के भाषण का संक्षिप्त रूप प्रस्तुत कीजिए।

(आ) बूढ़े सियार ने भेड़ों को रोककर क्या उपदेश दिया?

(इ) उपभोक्ता संस्कृति के फैलाव के कारण क्या हैं और उसका परिणाम क्या होगा?

(ई) अच्छी तन्दुरुस्ती के लिए क्या-क्या करना चाहिए?

(उ) महादेवी वर्मा का बचपन कैसा था?

-oOo-